विवादित द्वीपों पर रूसी सैन्य बैरक का निर्माण, जापान का विरोध

चर्चा में क्यों?

रूसी सेना ने प्रशांत महासागर में जापान के समीप स्थित चार विवादित द्वीपों कुनाशीर (Kunashir), इतुरूप (Iturup), शिकोतान (Shikotan) और हबोमाए (Habomai) पर नई सैन्य बैरकों का निर्माण किया है। रूसी रक्षा मंत्रालय द्वारा प्रदत्त जानकारी के अनुसार, रूस दक्षिणी कुरिल द्वीपों पर बख्तरबंद वाहनों (armoured vehicles) के लिये अन्य सुविधाएँ भी विकसित कर रहा है। इन चार द्वीपों में से दो द्वीपों पर आवासीय परिसरों का निर्माण किया गया है, जिनमें अगले हफ्ते से सैनिकों को भेजा जाएगा।

- हालाँकि, इन द्वीपों पर रूसी गतिविधियों का जापान ने कड़ा विरोध किया है। इससे पहले जुलाई में भी जापान ने रूस द्वारा इन विवादित द्वीपों पर किये जा रहे क्रियाकलापों को कम करने के लिये कहा था।

नहीं हो सका है शांति समझौता

- द्वितीय विश्वयुद्ध के अंत में तत्कालीन सोवियत सेना द्वारा इन द्वीपों पर कब्जा कर लिया गया था। उसके बाद से जापान और रूस इन द्वीपों पर अपनी संप्रभुता का दावा करते आए है। यही वज़ह है कि विश्वयुद्ध के बाद दोनों देशों के बीच शांति समझौता नहीं हो सका है।
- इस विवाद को सुलझाने के लिये दोनों देशों के बीच कई बार राजनयिक स्तर की वार्ता हो चुकी है, लेकिन कोई ठोस परिणाम सामने नहीं आए है।

जापानी प्रधानमंत्री की रूस यात्रा

- जानकारी के मुताबिक, अगले साल 21 जनवरी को जापानी प्रधानमंत्री शिंजो एबी इस मुद्दे पर बातचीत करने के लिये रूस का दौरा कर सकते है। अगुर करने वाली बात यह है कि जापानी प्रधानमंत्री के इस संभावित दौरे से पहले जापान और अमेरिका के बीच एक रक्षा सौदा होने वाला है।
- रूस का कहना है कि यदि जापान इन द्वीपों पर अमेरिकी मिसाइल प्रणाली तैनात करने की योजना बना रहा है तो प्रधानमंत्री की यात्रा के बावजूद भी इस मामले को सुझाया नहीं जा सकता है।

कुरिल द्वीप को लेकर है विवाद

- कुरिल द्वीपसमूह (**Kuril Islands)** प्रशांत महासागर के पश्चिमी किनारे पर स्थित एक ज्वालामुखीय द्वीपसमूह है। यह जापान के होक्काइदो (Hokkaido) द्वीप से रूस के कमचातका (kamchatka) प्रायद्वीप के दक्षिणी छोर तक फैला हुआ है।
- कुरिल द्वीपों के पूर्वी ओर उत्तरी प्रशांत महासागर और पश्चिमी ओर ओख़ोत्स्क सागर (Sea of Okhotsk) है।
- दूसरे विश्व युद्ध के बाद से ही यह दोनों देशों के बीच विवाद का कारण बना हुआ है। दूसरे विश्व युद्ध के अंत में जब जापान में युद्ध कमज़ोर पड़ गया तो रूसी सेना ने कुरिल द्वीपों पर कब्जा कर वहाँ बसे लगभग 17,000 जापानियों को भगा दिया था।
- तब से कुरिल के चारों द्वीप जिन पर जापान अपना अधिकार बताता है, को लेकर विवाद बना हुआ है। ये चारों द्वीप समूह हैं- कुनाशीर (Kunashir), इतुरूप (Iturup), शिकोतान (Shikotan) और हबोमाए (Habomai)

स्रोत : बिज़नेस स्टैंडर्ड

PDF Refernece URL: https://www.drishtiias.com/hindi/printpdf/russia-builds-new-barracks-on-disputed-islands-near-japan